महानगर में नगर निगम का सैनिटाईजेशन जारी

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष शर्मा के निर्देश पर नगर में सेनेटाइजेषन अभियान संचालित किया गया।

जिसके दृष्टिगत जोन-1 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार द्वारा रेलवे स्टेशन, रोडवेज, गदियाना, सुभाषनगर कॉलोनी, इन्दिरानगर कॉलोनी, कचहरी, कलेक्ट्रेट, एमनजई जलालनगर, महंमद जलालनगर, लोधीपुर एवं एमनजई जलालनगर में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेषन का कार्य कराया गया। जोन-2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा घण्टाघर रोड, मशीनरी मार्केट, वनखण्डीनाथ मन्दिर, कटिया टोला, तारीन बहादुरगजं, छोटी सब्जी मण्डी, बहादुरगंज एवं घनी बस्तियों में सेनेटाइजेषन का कार्य कराया गया। जोन-3 के अर्न्तगत- सफाई एवं

खाद्य निरीक्षक राजमंगल द्वारा, मोहम्मदजई, सिंजई, तिलहरजई, आनन्दपुरम कॉलोनी, कच्चा कटरा में सेनेटाइजेषन का कार्य कराया गया। जोन-04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, जियाखेल, वाजिदखेल, मेहमान षाह, बकसरिया, चारखम्भा, केरुगंज, केरुगंज चौराहा, अजीजगंज, पटी गली, अब्दुल्लागंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

जोन-5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार षाक्य द्वारा तारीन गाड़ीपुरा, सुदामा प्रसाद इण्टर कॉलेज, रोजा जोन, चर्च कॉलोनी, आदर्शनगर कॉलोनी, गड़ी गाड़ीपुरा एवं रोशनगंज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया।

नगर में बने धार्मिक स्थलों, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिशठानों एवं सार्वजनक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंषन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 8000 भवनो 450 व्यवसायिक प्रतिशठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे- बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेषन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेषन कार्य कराया गया।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर में कोविड-19 के संक्रमण को कम करने के लिये नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाइजेषन के कार्य को नियमित रुप से कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र के मषीनरी मार्केट, बहादुरगंज, घण्टाघर रोड एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी देखरेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता सिविल दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे।